सं0सं0- 10/वृ0आ0गृ0-21/2019.............

बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

(समाज कल्याण निदेशालय)

प्रेषक,

योगेश कुमार सागर, भा०प्र०से०
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- ...........................

विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में वृहद आश्रय गृह, मुजफ्फरपुर के परिसर से गुजर रहे 132 के०वी० विद्युत संचरण लाईन को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से परिसर के बाहर स्थानान्तरण कार्य हेतु कुल रू० 2,88,30,642/- (दो करोड अट्ठासी लाख तीस हजार छः सौ बयालीस) मात्र के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना अन्तर्गत राज्य में शिशु/बालक/बालिका के सुरक्षित आवासन एवं पुनर्वास हेतु 200 आवासन क्षमतावाले कुल 12 जिलों में वृहद आश्रय गृह का निर्माण की स्वीकृति विभागीय पत्रांक-07 दिनांक-31.01.2020 के द्वारा प्रदान की गयी है।

इस क्रम में मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत निर्माणाधीन वृहद आश्रय गृह के परिसर से गुजर रहे 132 के०वी० विद्युत संचरण लाईन को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से परिसर के बाहर स्थानान्तरण किये जाने की आवश्यकता के मद्देनजर प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0, पटना के पत्रांक-225 दिनांक- 27.05.2025 के द्वारा संचरन लाईन के स्थानान्तरण कार्य हेतु कुल राशि रू० 2,73,30,642/- (दो करोड तिहत्तर लाख तीस हजार छः सौ बयालीस) मात्र तथा BG for ERS Rent Adjustment हेतु रू० 15,00,000/- (पन्द्रह लाख) अर्थात कुल रू० 2,88,30,642/- (दो करोड अट्ठासी लाख तीस हजार छः सौ बयालीस) मात्र का प्राक्कलन उपलब्ध कराते हुए राशि की मॉग की गयी है।

उक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत वृहद आश्रय गृह, मुजफ्फरपुर के परिसर से गुजर रहे 132 के०वी० विद्युत संचरण लाईन को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से परिसर के बाहर स्थानान्तरण कार्य हेतु कुल रू० 2,88,30,642/- (दो करोड अट्ठासी लाख तीस हजार छः सौ बयालीस) मात्र के व्यय की स्वीकृति निम्न प्रकार प्रदान की जाती है :-

(राशि रूपये में)

| क्र0 | गृह एवं जिला का नाम | कार्य | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वृहद आश्रय गृह, मुजफ्फरपुर | वृहद आश्रय गृह, मुजफ्फरपुर के परिसर से गुजर रहे 132 के०वी० विद्युत संचरण लाईन को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से परिसर से बाहर स्थानान्तरण का कार्य। | 2,73,30,642/- |
| | | BG for ERS Rent Adjustment | 15,00,000/- |
| | | कुल | 2,88,30,642/- |

2. स्वीकृत राशि की निकासी माँग संख्या-51 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उपमुख्य शीर्ष-02- समाज कल्याण, लघु शीर्ष-102- बाल कल्याण, उप शीर्ष- 0333- मिशन वात्सल्य पर राज्य सरकार का अतिरिक्त व्यय, विपत्र कोड- 51-2235021020333 के अधीन विकलनीय होगा।

3. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी हैं। इसके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय हैं। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना राशि की निकासी कर उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, पटना को उपलब्ध करायेंगे।

4. उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, पटना उपरोक्त राशि सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, मुजफ्फरपुर को उपलब्ध करायेंगे।

5. योजना के कार्यान्वयन हेतु बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

6. सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, मुजफ्फरपुर व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र राज्य बाल संरक्षण समिति, पटना के माध्यम से समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना को उपलब्ध करायेंगे।

7. राशि की निकासी एवं व्ययन वित्त विभाग के पत्रांक-3758/वि० दिनांक-31.05.2017, 378/वि० दिनांक- 16.01.2018, 2826 दिनांक-01.04.2022, 3152 दिनांक-31.03.2023, 12888 दिनांक-03.12.2024 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

8. प्रस्ताव पर दिनांक 10.06.2025 को विभागीय स्थायी वित्त समिति की स्वीकृति प्राप्त है।

9. स्वीकृत्यादेश पर संचिका संख्या- **10/वृ0आ0गृ0-21/2019** के टिप्पणी पृष्ठ- **151**/टि0 पर दिनांक-**13.06.2025** को आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

10. यह स्वीकृत्यादेश संचिका सं0- **10/वृ0आ0गृ0-21/2019** के टिप्पणी पृ0- संख्या- 151/टि0 पर दिनांक- 16.06.2025 को सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरांत निर्गत की जा रही है।

11. यह चालू योजना है। अतः महालेखाकार (ले0 एवं ह0) से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

ह0/-

**(योगेश कुमार सागर)**

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **10/वृ0आ0गृ0-21/2019**............. दिनांक ..............................

प्रतिलिपि:- महालेखाकार (लेखा परीक्षा)/ प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/ संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड/उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति/कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य बाल संरक्षण समिति/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय/ विशेष कार्य पदाधिकारी, योजना एवं बजट शाखा, समाज कल्याण विभाग/ बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- 10/वृ0आ0गृ0-21/2019............. दिनांक .............................

प्रतिलिपि:- प्रमंडलीय आयुक्त, मुजफ्फरपुर/ जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर / सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, मुजफ्फरपुर/विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुजफ्फरपुर (पूर्वी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- 10/वृ0आ0गृ0-21/2019............. दिनांक .............................

प्रतिलिपि:- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना एवं जिला कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- 10/वृ0आ0गृ0-21/2019- 1371 दिनांक - 18.06.2025.

प्रतिलिपि:- आई.टी. मैनेजर, समाज कल्याण विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करेन हेतु प्रेषित।

18/6/25
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।